Need to construct Koel River Reservoir Project and also commence work on Medininagar Phase-II water supply scheme-laid

श्री विष्णु दयाल राम (पलामू): मेरे संसदीय क्षेत्र पलामू के अंतर्गत मुख्य शहर डाल्टनगंज है, जो कोयल नदी के तट पर बसा हुआ है और यह नदी वहां के लोगों के लिए लाइफ लाइन है। परंतु दुर्भाग्यवश गर्मी के दिनों में यह नदी बिल्कुल सूख जाती है तथा डाल्टनगंज शहर का जलस्तर काफी नीचे चला जाता है। जिसके चलते शहर में पाइप के माध्यम से वहां के निवासियों को पेयजल उपलब्ध कराना दुष्कर हो जाता है। इतना ही नहीं वहां इतनी प्रचंड गर्मी पड़ती है कि जलस्तर नीचे चले जाने से सारे चापाकल एवं बोरिंग बेकार हो जाते हैं। यह भी उल्लेख करना आवश्यक है कि पलामू जिला रेन शैडो एरिया में पड़ता है, जहां पर हर साल पर्याप्त मात्रा में वर्षा नहीं होती है। अतः हमेशा सूखे की स्थिति बनी रहती है साथ ही साथ जलस्तर नीचे चला जाता है। जिस पर जल का भी संकट उत्पन्न हो जाता है।

उपरोक्त स्थिति में जल स्तर को बनाए रखने के लिए आवश्यक है कि कोयल नदी में दो-तीन जगह पर Reservoir बनाया जाए ताकि कोयल नदी में हमेशा अपनी मौजूद रहे।

अतः सरकार से अनुरोध है कि जल संसाधन मंत्रालय को निर्देश देने की कृपा की जाए ताकि इस योजना को क्रियान्वित करने की दिशा में कार्यवाही सुनिश्चित की जा सके, जिससे गर्मी के दिनों में भी पानी की उपलब्धता बनी रहे एवं डाल्टनगंज के निवासियों को पेयजल के संकट से उभारा जा सके। साथ ही साथ मेदिनीनगर फेस-1 की योजना, जो वर्षों से लंबित पड़ी है, उसका क्रियान्वयन शीघ्रातिशीघ्र कराने हेतु झारखंड राज्य सरकार को भी निर्देशित करने की कृपा की जाए ।